**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 11.04.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **यातायात पुलिसकर्मी ने पेश की ईमानदारी की मिशाल 17 हजार रुपयों से भरे प्राप्त पर्स को उसके स्वामी का पता लगाकर किया सुपुर्द ।**

**विवरण-** आज दिनांक 11.04.2025 को यातायात पुलिसकर्मी ने ड्यूटी के दौरान बाबूलाल चौराहे के पास प्राप्त रुपये से भरे पर्स को ईमानदारी की मिशाल कायम करते हुए उसके स्वामी का पता लगाकर रुपये को सुपुर्द किया गया है। गौरतलब हो कि यातायात शाखा में तैनात आरक्षी अभिषेक पाण्डेय को ड्यूटी के दौरान बाबूलाल चौराहे के पास एक पर्स गिरा हुआ मिला जिसमें व्यक्ति के 17 हजार रुपये, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि था। जिस पर आरक्षी अभिषेक पाण्डेय द्वारा आधार कार्ड/पहचान पत्र की मदद से उसके स्वामी सूरज प्रसाद पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी कालवनगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा का पता कर रुपयों से भरा पर्स वापस किया गया। व्यक्ति द्वारा पुलिस की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया गया।

